प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान सहित दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से ज्यादा गांवों और 230 से अधिक जिलों में सम्पत्ति मालिकों को ये कार्ड बांटे गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद भी किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल हो रहे है। यहां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में मंत्री और सांसद भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे है। अजमेर में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी सम्पत्ति कार्ड वितरण समारोह में शामिल हुए। इसी तरह बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भाग लिया। पाली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ सम्मिलित है। जैसलमेर में जिलास्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाईन में रखा गया है, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बडी संख्या में लाभार्थी भाग ले रहे है। भीलवाडा के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सरहदी जिले बाडमेर की 60 ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण किया गया। गौरतलब है कि 24 अप्रैल 2020 से प्रारम्भ हुई स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बसे घरों के मालिकों को स्वामित्व अधिकार दिये जाते हैं। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

.....................

राज्य के प्रस्तावित बजट से पहले विचार विमर्श के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इन दिनों विभिन्न वर्गो के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे है। इस कडी में मुख्यमंत्री आवास पर श्री शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ और विधायक तथा पार्टी प्रत्याशी मौजूद रहे।

.....................

जैसलमेर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के उद्देश्य से नगर परिषद की ओर से पेय जल और स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। पांच दिवसीय इस अभियान के तहत आज नगर परिषद आयुक्त ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ बस्तियों में जाकर लोगों को सफाई और पीने के साफ पानी के बारे में जागरूक करेंगे।

.....................

पाली में बिजली उपभोक्ताओं को मौके पर ही बिल देने की सुविधा शुरू की गई है। जिले के करीब 6 हजार घरों में डिस्कॉम कर्मियों ने मौके पर ही बिलिंग कर उपभोक्ताओं को बिल सौंपे। इस सुविधा से बिजली बिलों के देरी से मिलने या नहीं मिलने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

.....................

प्रदेशभर में कडाके की सर्दी के बीच घने कोहरे ने दिक्कते बढा दी है। मौसम विभाग के अनुसार आज कहीं–कहीं बेहद सर्द दिन दर्ज किया गया, वहीं बहुत से जिलों में घने कोहरे के चलते दृश्यता न्यूनतम बनी रही। न्यूनतम तापमान सिरोही में करीब 5 डिग्री सैल्सियस रहा। वही पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में सुबह का तापमान शून्य दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस मापा गया। बीते 24 घंटों में शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में सर्द हवाओं ने लोगों की परेशानी बढाये रखी। इस दौरान सीकर और पिलानी में न्यूनतम तापमान साढे 6, नागौर, अजमेर और संगरिया में 6 दशमलव 8 और अलवर तथा चित्तौडगढ में 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। हमारे झुंझुनूं संवाददाता ने बताया कि जिले के ग्रामीण इलाके आज घने कोहरे की चपेट में रहे। सर्दी का असर बढने के बाद लोग बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में कोहरे

का यलो अलर्ट जारी किया है, इनमें श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, कोटा, बारां, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा और अलवर शामिल है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा।

....................